रोहतक, सोमवार 12 मई 2025 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 29, अंक : 101 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 40.4, न्यून. 20.5 haribhoomi.com

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बुद्ध पूर्णिमा आज

## सीजफायर के 25 घंटे बाद तीनों सेनाओं ने कहा-पाक ने हमला किया तो कड़ा जवाब देंगे, आतंक बर्दाश्त नहीं

## हमने दुश्मन के 40 सैनिक-अफसर मारे, 100 से अधिक दहशतगर्द ढेर किए, 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया

सीजफायर के बीच भारत ने कहा **ऑपरेशन सिंदूर** अभी खत्म नहीं हुआ, पाक को आतंक की और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

# वहां से गोली चली तो यहां से गोला चलेगा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

### पीएम मोदी के सशस्त्रबलों को कड़े निर्देश, पाक की हर कार्रवाई का अधिक सख्ती के साथ जवाब दें

### जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को समर्थन देगा, उससे हम सहयोग की उम्मीद नहीं कर सकते

### भारत कश्मीर के मुद्दे पर कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा, पाक अवैध कब्जे वाला हिस्सा वापस करे

### पाक के साथ डीजीएमओ स्तर की वार्ता आज होगी

एजेंसी/भाषा ▶▶ नई दिल्ली/श्रीनगर/अमृतसर

भारत ने पाकिस्तान के परमाणु बम के इस्तेमाल करने की गीदड़भभकी का जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' से दिया है। इसके साथ ही आतंकवाद के आकाओं को एक मनोवैज्ञानिक संदेश दिया कि कोई भी पहुंच से बाहर नहीं है। पाकिस्तान में कोई भी स्थान आतंकियों के लिए सुरक्षित नहीं है। सरकारी सूत्रों ने रविवार को यह बात कही। सूत्रों ने बताया कि भारत ने इस अभियान के माध्यम से पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद के जवाब का एक नया अध्याय लिखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र बलों को निर्देश दिया है कि पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई का भारतीय जवाब 'बड़ा और मजबूत' होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा।" 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी पूरा नहीं हुआ है। सीमा पार आतंकवाद की कीमत चुकानी पड़ेगी, क्योंकि पाकिस्तान अपने चुने हुए क्षेत्रों में सहयोग की उम्मीद करते हुए आतंकवाद को जारी नहीं रख सकता। मरकज को मिट्टी में मिला दिया, आगे का भी देखेंगे। सूत्र छह मई की देर रात नौ आतंकवादी प्रशिक्षण स्थलों और मुख्यालयों पर किए गए सटीक हमलों का जिक्र कर रहे थे। भारत कश्मीर मुद्दे पर कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। एक सूत्र ने कहा, इस कार्रवाई ने 'घर में घुस के मारेंगे' के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाया है। सरकार ने सेना को फ्रीहैंड दिया है। अब आतंक किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं होगा।



**पीएम मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, मीटिंग में राजनाथ जयशंकर, डोभाल, सीडीएस व तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल हुए**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के एक दिन बाद हुई। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए। भारत ने पाकिस्तान पर सहमति की शर्तों का उल्लंघन करने का शनिवार रात आरोप लगाया था और उससे इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से "गंभीरता और जिम्मेदारी" के साथ निपटने का आह्वान किया था। स्थिति अब शांत हो गई है लेकिन कई सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग कई दिनों तक जारी रही गोलाबारी और ड्रोन संबंधी घटनाओं के कारण अब भी आशंकित हैं।

**सिर्फ सैन्य स्तर पर चर्चा होगी, किसी अन्य मुद्दे पर नहीं**

सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि कश्मीर के सिलसिले में चर्चा का एकमात्र मुद्दा यह है कि पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्र (पीओके) को वापस करे। भारत के खिलाफ पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद जारी रहने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के साथ केवल सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) स्तर पर 12 मई यानी सोमवार को बातचीत होगी। अन्य मुद्दे पर चर्चा नहीं की जाएगी।

### भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से 3 लक्ष्य हासिल किए

**सैन्य :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मिट्टी में मिला देंगे, बहावलपुर, मुरीदके और मुजफ्फराबाद कैंप को मिट्टी में मिला दिया।

**राजनीतिक :** सिंधु जल संधि सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी है। जब तक सीमा पार से आतंकवाद बंद नहीं हो जाता, तब तक यह स्थगित रहेगी।

**मनोवैज्ञानिक :** 'घुस के मारेंगे', हमने उनके दिल में गहरी चोट पहुंचाई। हम बहुत सफल रहे।

### पंजाब के मलेरकोटला में दो पाक जासूस गिरफ्तार

**मलेरकोटला।** पंजाब की मलेरकोटला पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है जो सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी पाकिस्तान भेज रहे थे। ये जानकारी पाकिस्तान के एक अधिकारी को भेजी जा रही थी, जो दिल्ली में पाक हाई कमीशन (राजनयिक दूतावास) में तैनात है। इन आरोपियों को ऑनलाइन पेमेंट मिल रहा था। वे पैसों के बदले भारतीय सेना की गतिविधियों की जानकारी पाकिस्तान भेजते थे। जब पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली तो एक व्यक्ति को पहले पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में दूसरे व्यक्ति का नाम बताया और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं और मामला दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी साझा की है। डीजीपी यादव ने कहा- पंजाब पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिला है। मलेरकोटला पुलिस ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़े दो जासूसों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



एके भारती
एयर मार्शल



राजीव घई
ले. जनरल



एएन प्रमोद
वाइस एडमिरल



एसएस शारदा
मेजर जनरल

### सेना को खुली छूट, पाक के एयरबेस तबाह किए, हमारे 6 जवान भी शहीद

भारत-पाक के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार शाम 6:30 बजे तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद, एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती व मेजर जनरल एसएस शारदा ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 7 मई को की गई सैन्य कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, भारत व पाक के बीच 10 मई को शाम 5 बजे संघर्षविराम हुआ था। इसके कुछ घंटे बाद पाक ने सीजफायर तोड़ाकर जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में फायरिंग और ड्रोन से हमला किया। भारत ने पाक और पीओके में आतंकी ठिकानों को टारगेट किया।

**भारत ने यह किया**

- सीमा पार 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। इनमें पसरूर एयर डिफेंस रडार, चुनियन एयर डिफेंस रडार, आरिफवाला एयर डिफेंस रडार, सरगोधा एयरफील्ड, रहमियार खान एयरफील्ड, कलाला एयरफील्ड (नूर खान), सुक्कुर एयरफील्ड, भोलारी एयरफील्ड, जैकोबाबाद एयरफील्ड शामिल।
- 100 से अधिक आतंकी मारे। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदस्सिर अहमद शामिल थे।
- हमने पाक सेना के 40 सैनिक और अफसर मारे। एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 6 जवान शहीद हुए हैं।

### रावलपिंडी में भी भारतीय सेना की ताकत महसूस की गई

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर'



के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने न केवल सीमा के पास पाक सैन्य ठिकानों पर हमला किया, बल्कि उनकी ताकत रावलपिंडी में भी महसूस की गई, जहां पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय है। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के जरिए कई महिलाओं की मांग का सिंदूर मिटाने वाली भारत विरोधी ताकतों और आतंकवादियों को दंडित किया है।

*(पेज 8 भी देखें)*

### वायुसेना ने सभी कार्यों को सटीकता के साथ अंजाम दिया

भारतीय वायुसेना ने कहा कि उसने 'ऑपरेशन



सिंदूर' के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ और राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई को यह अभियान शुरू किया गया था। वायुसेना ने एक बयान में कहा कि ऑपरेशन अभी जारी है।

### ट्रंप ने भारत-पाक के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा की

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम



करने के लिए भारत और पाक के 'मजबूत और दृढ़" नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके साहसिक कदमों से उनकी विरासत काफी मजबूत हुई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह पता लगाने के लिए काम करूंगा कि क्या कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है।

### पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल कर युद्धविराम की बात कही

एयरमार्शल भारती ने बताया कि मुझे 10 मई को पाक डीजीएमओ ने कॉल किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ से दोपहर 3.30 मिनट पर बातचीत हुई। जिसमें तय हुआ कि 7 बजे के बाद से कोई हमला नहीं किया जाएगा। अगली बातचीत 12 मई को होगी। कुछ ही घंटों बाद ही उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ा। ड्रोन अटैक किया और फायरिंग की। हमने उन्हें चेतावनी दी तो फायरिंग रुकी।

### क्या सरकार ने कश्मीर पर अमेरिकी मध्यस्थता स्वीकार कर ली : कांग्रेस

भारत-पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत होने की घोषणा सबसे पहले अमेरिका की ओर से किए जाने के बाद कांग्रेस ने सरकार से सवाल किया कि क्या उसने कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार कर ली है? पार्टी ने इसका अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयास की भी आलोचना की। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने एआईसीसी मुख्यालय पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संघर्ष रोकने पर सहमति का ऐलान आश्चर्यजनक है, क्योंकि यह पहली बार है, जब किसी तीसरे देश ने भारत और पाकिस्तान की तरफ से घोषणा की है।



**सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार**

पायलट ने कहा कि सरकार को मौजूदा हालात में इन मुद्दों पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक और सर्वदलीय बैठक व संसद का विशेष सत्र बुलाए। *(पेज 7 भी देखें)*



### सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के बाद पंजाब में शांति, अमृतसर में खुले बाजार

**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद पंजाब में, खासकर राज्य के सीमावर्ती इलाकों में रविवार को शांति रही। अधिकारियों ने लोगों से अपनी सामान्य गतिविधियां बहाल करने और शांति बनाये रखने को कहा है। सुबह करीब साढ़े आठ बजे, अमृतसर में जिला प्रशासन ने लोगों से अपनी सामान्य दिनचर्या फिर से शुरू करने को कहा। जालंधर जिला प्रशासन ने भी कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और लोग अपना कामकाज सामान्य रूप से फिर से शुरू कर सकते हैं। जालंधर के उपायुक्त (डीसी) हिमांशु अग्रवाल ने कहा, "जालंधर में सब ठीक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है और कामकाम सामान्य रूप से फिर से शुरू किया जा सकता है।

**पाक के ढीले पड़े सुर**

### सीजफायर पर ईमानदार रहेंगे शहबाज ने ट्रम्प की तारीफ की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने वादा किया है कि वह लड़ाई बंद करने के फैसले को पूरी ईमानदारी से मानेगा। पाक के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि सीजफायर के बाद भी भारतीय सैनिक कुछ इलाके में हमले कर रहे हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी सैनिक जिम्मेदारी और संयम के साथ स्थिति को संभाल रहे हैं। इस बीच पीएम शहबाज शरीफ ने एक बार फिर से डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ की है। उन्होंने कहा, पाक को राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में एक बेहतरीन साझीदार मिला है, जो दोनों देशों के बीच पहले जैसा मजबूत और खास रिश्ता दोबारा शुरू कर सकता है।

### जम्मू-कश्मीर में ड्रोन व उधमपुर में विस्फोट की खबरें खारिज

केंद्र ने रविवार को उधमपुर में विस्फोट और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में ड्रोन देखे जाने की सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों को 'फर्जी' करार दिया। पीआईबी की 'फैक्ट चेक यूनिट' ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, उधमपुर में विस्फोटों के दावे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। यह दावा झूठा है। उधमपुर में कोई विस्फोट नहीं हुआ है।"

## प्रदेश में अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों व अफसरों की छुट्टियां रद

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने रविवार को भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बावजूद सेहत विभाग को अलर्ट पर रखा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा है कि राज्य के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों की सभी प्रकार की छुट्टियां, चाहे वह अर्जित अवकाश (ईएल), चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल), असाधारण अवकाश (ईओएल) या किसी भी अन्य प्रकार की छुट्टी हो तुरंत प्रभाव से रद कर दी गई हैं। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और न ही छुट्टी पर जाएगा। जो अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान में छुट्टी पर हैं, उन्हें तुरंत अपने संबंधित जिला मुख्यालय में रिपोर्ट करना होगा और काम पर लौटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की सेवा सर्वोपरि है।

**मंत्री आरती राव बोलीं**



हमारे लिए जनता की सेवा सर्वोपरि, सीजफायर के बावजूद सुरक्षा कड़ी रहेगी

अब जल्द हिसार एयरपोर्ट भी शुरू होगा, बस स्टैंड रेलवे स्टेशन, बिजली और जलघरों की भी निगरानी करने के आदेश दिए, पुलिस प्रशासन भी अलर्ट पर

### मूलभूत सुविधाओं की 24 घंटे निगरानी के आदेश

मूलभूत सुविधाओं की 24 घंटे निगरानी के आदेश दिए गए हैं। भिवानी के डीसी ने पंजाब विलेज एंड स्मॉल टाउन एक्ट 1918 की धारा 3 के तहत जिला की सभी ग्राम पंचायत को उनके क्षेत्र में आने वाले बिजली घर, दूरसंचार व्यवस्था, जल घर, कैनाल, रेलवे ट्रैक और बस स्टैंड आदि की 24 घंटे निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### 10वीं-12वीं का रिजल्ट 15 मई तक आएगा

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी 10वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम 15 मई तक घोषित कर सकता है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो तय समय पर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बोर्ड ने कहा कि दोनों कक्षाओं का रिजल्ट अंतिम स्टेज पर है, लेकिन शिक्षा बोर्ड विगत में तय की गई परीक्षा परिणाम घोषित तिथि के आसपास रिजल्ट घोषित करने वाला है। फिलहाल शिक्षा बोर्ड रिजल्ट तैयार करने में जुटा है। दसवीं व बारहवीं की परीक्षा फरवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू हुई थी। इस दौरान रिजल्ट घोषिति करने की भी प्रस्तावित तिथि तय की गई थी। उस वक्त बताया गया था कि अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो 15 मई तक दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का प्रयास किया जाएगा। मार्किंग का कार्य पूरा होने के बाद अब रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो इसी सप्ताह(12 मई से शुरू होने वाला सप्ताह) में पहले 12 क्लास का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा।

**मौसम** शाम साढ़े 4 बजे छाया घोर अंधेरा, आज भी वर्षा के आसार

*सिरसा और फतेहाबाद में ओलावृष्टि से भारी नुकसान भिवानी,जींद, कैथल और झज्जर में तेज आंधी भी चली*

## कई जिलों में तेज बारिश के साथ गिरे ओले, अंधड़ से पेड़ और पोल उखड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते रविवार दोपहर बाद प्रदेश में जींद, सिरसा, भिवानी, कैथल, झज्जर और फतेहाबाद में बारिश के साथ तेज हवाएं चली। फतेहाबाद के कुछ हिस्सों और सिरसा की तारा बाबा की कुटिया में ओले भी गिरे। फतेहाबाद में बारिश के साथ तेज आंधी चली, जिसमें हांसपुर रोड पर करीब 10 पेड़ गिर गए। यहां पर काफी देर तक रास्ता भी बाधित रहा। वहीं, सोनीपत, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र और पानीपत में तेज हवाएं चली। मौसम विभाग पूरे प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 7 जिलों (सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, पंचकूला, अंबाला और यमुनानगर) में 25 से 50 फीसदी बारिश होने की संभावना है।

### प्राकृतिक तौर पर ब्लैकआउट में डूबा शहर

भारत-पाकिस्तान में तनाव को देखते हुए रविवार से पूर्व जिला प्रशासन ने ब्लैकआउट की घोषणा कर रखी थी। लेकिन रविवार को सीजफायर तो हो गया, लेकिन प्राकृतिक तौर पर शहर में ब्लैकआउट की स्थिति बनी रही। हालात यह थे कि शाम को साढ़े 4 बजे ही शहर में घना अंधेरा छा गया। 4 बजकर 45 मिनट पर तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तापमान गिरकर अधिकतम 37 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री तक आ गया। आंधी और बारिश से नरमे की फसल को नुकसान बताया जा रहा है। कई क्षेत्रों में ओले भी गिरे हैं।



### 14 मई तक बारिश की संभावना

मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार से बुधवार तक प्रदेशभर में बारिश की संभावना है। 12 मई को 7 जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत और सोनीपत में बारिश की संभावना है। 13 मई को पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में बारिश के आसार हैं। 14 मई को 14 जिलों फतेहाबाद, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और मेवात में बारिश हो सकती है।

### परिवर्तनशील रहेगा मौसम : डॉ. मदन खीचड़

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खीचड़ का कहना है कि राज्य में 14 मई तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान उत्तर पूर्वी हवाएं चलने की संभावना है। एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर महिला अफीम के साथ काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना शहर टोहाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोनिका पत्नी रामपाल उर्फ पिंकी, निवासी ऑफिसर कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 820 ग्राम अफीम बरामद की है। डीएसपी ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है और आम जनता से अपील करती है कि वे इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### पुलिस ने गुम हुए 57 मोबाइल वापस लौटाए

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त क्राईम मुकेश कुमार के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर सेल टीम ने तकनीकी सहायता से गुम हुए 57 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं, जिनको पुलिस उपायुक्त अपराध ने उनके असल मालिकों को वापस लौटाया है।

### मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** मंदिर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने गिरफ्तार किया है। नितिन निवासी सेक्टर-82 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर 15 ए में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 3 मई को प्राचीन शिव मंदिर अजरोंदा से कोई नामालूम व्यक्ति शिवलिंग पर लगी चांदी चोरी करके ले गया। जिस पर थाना सेंट्रल में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप

# करोड़ों की धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव की लाखों की प्रॉपर्टी जब्त

- अपनी कम्पनी में करीब 2934 लोगों की आईडी लगाकर करीब 80 करोड़ का फ्रॉड कर पैसे कमाए
- जब्त की गई प्रॉपर्टी में मकान, दो गोल्ड नैकलेस, चार अंगूठियां, दो जोड़ी बाली, एक पैंडेंट, चेन, सोने का ब्रेसलेट, चांदी की पांजेब और 60 हजार रुपये की नकदी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपी बारे जानकारी देते एसपी सिद्धांत जैन।

रतिया के बहुचर्चित करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार मुख्य मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव सिंह की आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने लाखों रुपये की सम्पति को जब्त किया है। जब्त की गई प्रोपर्टी में सुखदेव सिंह का मकान, दो गोल्ड नैकलेस, चार अंगूठियां, दो जोड़ी बाली, एक पैंडेंट और चैन, एक सोने का ब्रेसलेट, चांदी की पांजेब और 60 हजार रुपये की नकदी शामिल है। जब्त की गई सम्पति की कुल कीमत करीब 12 लाख 60 हजार रुपये है। बता दें पुलिस ने सुखदेव सिंह को 7 मई को गिरफ्तार कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। इस बारे थाना सदर रतिया ने 16 अप्रैल को सहनाल निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव सहनाल के ही डॉ. सुखदेव सिंह ने अपने पिता के नाम से शीशपाल फ्रंट लाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज प्रा. लि. के नाम से कम्पनी बना रखी है और एक महीने में लोगों को दोगुना रुपये करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर लोगों के पैसे लगवा रहा है। पुलिस को शिकायत मिलते ही तुरंत कार्यवाही करते हुए धारा 318(4), 316(2), 351(2) (3), 61 (2), 249 बीएनएस व 4, 5, 6 पीसीएमसीएस एक्ट के तहत थाना सदर रतिया में केस दर्ज किया और आगामी कार्रवाई करते हुए 5 मई को दो आरोपियों बलिन्दर कुमार उर्फ बिन्नु पुत्र अजायब सिंह व जसवंत सिंह उर्फ शीरा पुत्र बलदेव सिंह निवासी सहनाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में आर्थिक अपराध शाखा पुलिस टीम ने मुख्य मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव सिंह पुत्र शीशपाल निवासी सहनाल को भी काबू किया था।

आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया था कि उसने यह कम्पनी लोगों को पैसे दोगुने का लालच देकर फ्रॉड किया है और उसने अपनी कम्पनी में करीब 2934 लोगों की आईडी लगाकर करीब 80 करोड़ रुपये का फ्रॉड कर पैसे कमाए है। आरोपी एक आईडी लगाने के 5 हजार से 1 लाख रुपये लेता था। इस मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा ने उसकी लाखों रुपये की प्रोपर्टी को भी जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### दो ट्रकों के बीच कार फंसने से दुर्घटना

# हिमाचल में सड़क हादसे में कुरुक्षेत्र के कबड्डी खिलाड़ी की मौत

- रितिक ने तीन बार कबड्डी की जोनल प्रतियोगिता, चार बार प्रदेश स्तरीय पांच लीग खेलों में व दो बार सीएम कप प्रतियोगिता में भाग लिया



रीतिक की फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिमाचल प्रदेश के नंगल डैम क्षेत्र में दो ट्रकों की टक्कर में कार सवार कुरुक्षेत्र के दीदार नगर निवासी कबड्डी खिलाड़ी रीतिक की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के परागपुर में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए गए रितिक शनिवार सुबह घर से निकाला था। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ब्रह्मपुर के पास कबड्डी खिलाड़ियों की कार दो ट्रकों के बीच आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में रितिक की मौत हो गई। रितिक के दोस्त अंकुश ने बताया कि रितिक अंबाला के एसए जैन कॉलेज में बीकाम द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसने एनआईएस में प्रवेश लेना था। अंकुश के अनुसार रितिक कबड्डी का बेहतरीन खिलाड़ी था। शनिवार सुबह छह बजे रितिक घर से हिमाचल के लिए निकाला था। रितिक ने तीन बार कबड्डी की जोनल प्रतियोगिता, चार बार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता, पांच लीग खेलों में व दो बार सीएम कप प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा तीन बार रगबी और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भी भाग लिया। कोच संदीप ने बताया कि रितिक कबड्डी को बेहतरीन खिलाड़ी था। इसी का परिणाम है कि वह प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए चयनित होता था। आज हमने एक बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ी को खो दिया है, जिसकी कमी पूरी होना मुश्किल है। रितिक के पिता की ज्योतिसर में केमिस्ट की दुकान है। रितिक की एक जुड़वा बहन है। बताया जा रहा कि रितिक के पिता पानीपत के गांव अहर के रहने वाले हैं। पिछले कई सालों से परिवार कुरुक्षेत्र के दीदार नगर में रहे हैं। रितिक की उपलब्धियों पर परिवार को नाज था, मगर उसकी मौत ने परिवार को तोड़ दिया है।

### पारिवारिक कारणों से किया आग के हवाले: पुलिस

## नारनौल में राजगीर मिस्त्री ने आग लगाकर कर लिया आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपमंडल के गांव दौचाना में करीब 35 वर्षीय भवन निर्माण राजगीर मिस्त्री ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह कर लिया। सवेरे घूमने गए ग्रामीण युवाओं ने उसको जली हुई अवस्था में देखकर परिजनों को सूचना को दी। मौके पर पहुंची गहली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया। मृतक नशा करता बताया गया। करीब 35 वर्षीय राजेंद्र कुमार राजगीर मिस्त्री का काम करता था। वह शनिवार रात को करीब 9 बजे घर से खाना खाने के बाद बाइक लेकर निकला था, लेकिन रात को घर नहीं लौटा। रविवार प्रातः करीब 4:30 बजे सैर-सपाटे वाली जगह पर बने चबूतरे के पास एक व्यक्ति को जमीन पर पड़े हुए देखा। बताया जा रहा है कि राजेंद्र ने तेल छिड़क कर खुद को आग लगा ली। गहली पुलिस के मुताबिक राजेंद्र ने यह कदम पारिवारिक कारणों से उठाया। राजेंद्र दो भाइयों में छोटा था।

## एमपीटी किट बेचने का आरोपी गिरफ्तार

### जींद में बिना चिकित्सक की पर्ची के 800 रुपये में बेच रहा था किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना सफीदों पुलिस ने बिना चिकित्सक की पर्ची के एमपीटी किट बेचने के आरोपित केमिस्ट को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जिला ड्रग कंट्रोलर सीमा गोयल ने गत तीन मई को शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि सफीदों के हाजी वाला कुंआ के निकट केमिस्ट की दुकान चलाने वाला बोधराज बिना चिकित्सक की पर्ची के एमपीटी किट बेचता है। जबकि बिना चिकित्सक की पर्ची के एमपीटी किट देना कानून जुर्म है। इसके इलावा एमपीटी किट का रिकार्ड भी होना जरूरी है। जिसके आधार पर जिला ड्रग कंट्रोलर गीता गोयल व डा. प्रीति की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने योजना के तहत फर्जी ग्राहक को तैयार किया। फर्जी ग्राहक को बोधराज केमिस्ट की दुकान पर एमपीटी किट लेने भेजा गया। केमिस्ट बोधराज ने बिना चिकित्सक की पर्ची के 800 रुपये में एमपीटी किट थमा दी। इशारा मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैमिस्ट की दुकान में दस्तक दी।

#### एमटीपी किट मिलने पर मेडिकल स्टोर सील

**कनीना।** प्रतिबंधित दवाएं मिलने के चलते स्वास्थ विभाग की टीम ने कनीना में एक मेडिकल स्टोर को सील किया है। इस बारे में उप नागरिक अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनु वर्मा ने बताया कि शनिवार को मेडिकल स्टोर से सात विभिन्न प्रकार की नशीली दवाएं व गर्भनिरोधक एमटीपी किट बरामद हुई थी। टीम की इस कार्रवाई को देखते हुए मेडिकल स्टोर संचालकों में भय उत्पन्न हो गया। ड्रग एवं कंट्रोल ऑफिसर प्रशांत कुमार को नशीली दवाएं बेचे जाने की शिकायत मिली थी।

## कोसली: दोस्तों के साथ नहाने आए युवक की नहर में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

बव्वा गांव के समीप जवाहर लाल नेहरू नहर में अपने दोस्तों के साथ नहाने आए एक युवक की शनिवार को नहर में डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद नाहड़ पुलिस मौके पर पहुंची तथा गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम को बुला कर मृतक की नहर में खोज की गई, लेकिन मृतक के शव का कोई पता नहीं चल पाया। रविवार को पुनः मृतक के शव की खोजबीन शुरू की गई। मृतक का शव जेएलएन नहर के एमसीडी नंबर तीन की जाली में अटका हुआ मिला। एसडीआरएफ टीम की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान दीपक निवासी करीरा के रूप में हुई है। मृतक के पिता रामनिवास ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पुत्र दीपक अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने आया था। उसकी मोटरसाइकिल गांव के बाहर खड़ी मिली। पुलिस ने पिता शिकायत पर फिलहाल नहर में नहाने के दौरान हुई मौत का मामला दर्ज कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

### चरखी दादरी: फोन करके जान से मारने की दी धमकी

## दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



पुलिस हिरासत में रंगदारी मांगने का आरोपी।

पुलिस ने दादरी शहर निवासी प्रवीन गर्ग से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। ज्ञात रहे कि दादरी निवासी प्रवीन गर्ग ने पुलिस की दी शिकायत में बताया था कि 6 मई को उसके पास एक फोन आया था। फोन करने वाले युवक ने उससे दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी।

आरोपी ने रंगदारी के रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके पास 9 मई को दोबारा दूसरे नम्बर से कॉल आई और फिर से पैसे मांगे व जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के बताया कि उसके पास कई बार रंगदारी देने की कॉल आती रही। कॉल करने वाले युवक ने उसके व्हाट्सएप पर पिस्तौल लहराते हुए की वीडियो डाली। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान शहर की झज्झर घाटी निवासी विकास मिश्रा के रूप में हुई। विकास मिश्रा ने प्रवीन के व्हाट्सएप पर पिस्तौल लहराते हुए की वीडियो डाली थी। पुलिस ने विकास से पिस्तौल भी बरामद की है।

### कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया

## सिरसा: पुलिस ने पकड़ा नशीली गोलियां व कैप्सूलों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



नशीली दवा के साथ पकड़ा गया आरोपी।

पुलिस ने नशीली गोलियों व कैप्सूलों का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान जोगिंद्र निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से नशीली गोलियां व कैप्सूल लेकर बेचने के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तारूआना रोड क्षेत्र से कार सवार एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 72 हजार 400 नशीली गोलियों व कैप्सूलों बरामद किए हैं। ये दोनों दवाएं बिना वैध लाइसेंस व चिकित्सीय निर्देश के रखना गैर कानूनी है। आरोपी को मौके पर ही काबू करके बरामद की गई गोलियों को ड्रग इंस्पेक्टर से सत्यापित करवाकर उनके हवाले किया गया। आरोपी की कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसोसिएशन एवं दवा विक्रताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें।

**प्रवचन** हुजूर कंवर साहेब महाराज ने हिसार में फरमाया सत्संग

# प्रभु से प्रेम करने वाला ही सच्चा प्रेमी

- लग्न श्रद्धा और विश्वास को लगाए रखेंगे तो ही भक्ति रूपी फल को चख पाओगे
- मां के एहसान संतान पर इतने होते हैं कि उसे लाखों जन्म ले कर नहीं चुकाया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** कैमरी रोड स्थित आश्रम में प्रवचन फरमाते हुजूर कंवर साहेब महाराज।

प्रेमी वो नहीं जो दुनियादारी के नातों से प्रेम करता हो। प्रेमी तो वो है जो प्रभु से प्रेम करता है। प्रभु से प्रेम तभी उपजता है, जब सतगुरु आपका मध्यस्थ बनता है। इसलिए सतगुरु से प्रेम ही परमात्मा से प्रेम है। यह सत्संग वचन राधा स्वामी दनोद के परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने हिसार के कैमरी रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि भक्ति क्षणभंगुर नहीं है और ना ही जल्द सुलभ वस्तु है। भक्ति के लिए तो लगातार लगे रहना पड़ता है। अपनी लग्न श्रद्धा और विश्वास को निरंतर लगाए रखेंगे तो ही भक्ति रूपी फल को चख पाओगे। भक्ति रूपी फल बहुत मेहनत के पश्चात फूटता है। उन्होंने संगत को चेताते हुए कहा कि हम भक्ति भी केवल जगत की बेहतरी के लिए करते हैं। कोई सुंदर तन की कामना करता है कोई असीमित धन की, यह जगत की भक्ति है जो बदलती रहती है। अगत के लिए भक्ति धैर्य और संतोष मांगती है। अगत सुधार के लिए की गई भक्ति आपके जगत को भी सुधार देती है। कितने नाम युगों युगों तक हमें इस तरह की भक्ति की प्रेरणा देते हैं। अजामिल, सैन भक्त, मीरा बाई, गणिका, सूरदास, रविदास, कबीर, नानक ने यही भक्ति कमाई है। उन्होंने उपस्थित संगत को मातृदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम मां के ऋण को कभी नहीं चुका सकते। मां के एहसान संतान पर इतने होते हैं कि उसे लाखों जन्म ले कर नहीं चुकाया जा सकता। मां सदैव पूज्य होती है। मां नहीं होती तो ना सतगुरु मिलते ना सत्संग मिलता ना भक्ति होती ना मुक्ति होती, जिसने मां की सेवा करली उसने सभी तीर्थ कर लिए, सभी वेद सुमर लिए।

#### नाम का सुमिरन इंसान के सारे दुख हर लेता है

हुजूर कंवर साहेब ने कलयुग में नाम भक्ति को सर्वोतम भक्ति बताते हुए कहा कि नाम का सुमिरन इंसान के सारे दुख हर लेता है। नाम का बंधन काम क्रोध लोभ मोह और अहंकार के बंधन को काट देता है। ये पांच शिकारी हर पल इंसान का शिकार करने को तत्पर रहते हैं। काम मन की इच्छा, वासना है। क्रोध एक तीव्र भावना है जो आमतौर पर निराशा, अन्याय या नुकसान के कारण होती है। लोभ किसी चीज को अत्यधिक प्राप्त करने की इच्छा है। मोह किसी व्यक्ति, वस्तु या विचार के प्रति अत्यधिक लगाव या आसक्ति होना है। अहंकार अपनी क्षमताओं, ज्ञान या महत्व के प्रति अत्यधिक गर्व होना है। इन पर नियंत्रण सतगुरु की रहमत से पाया जा सकता है। कालिदास का उदाहरण हमारे सामने है। नकल करो तो ऐसे लोगों की करो जिन्होंने अपनी मेहनत और लग्न से अपने आप को अमर कर लिया।



